



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**अक्टूबर-2018**

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## पुलिस रेडियो मुख्यालय पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ के प्रशिक्षण केन्द्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व 03 सितम्बर 2018 को पारम्परिक हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित साँस्कृतिक कार्यक्रम में पुलिस रेडियो के कर्मचारियों के बच्चों, विभागीय एवं अन्य अतिथि कलाकारों ने प्रतिभाग किया। झाँकी दर्शन को दर्शकों द्वारा मनोहारी बताया गया।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, श्री ओम प्रकाश सिंह द्वारा कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया तथा कार्यक्रम की सराहना की गयी। डी0जी0 (टेलीकाम), श्री प्रमोद कुमार तिवारी, डी0जी0 तकनीकी सेवायें, श्री महेन्द्र मोदी, ए0डी0जी0, कानून व्यवस्था, श्री आनन्द कुमार, सेवानिवृत्त डी0जी0, श्री सूर्य कुमार शुक्ला, सेवानिवृत्त आई0जी0, श्री के0एन0डी0 द्विवेदी, सेवानिवृत्त निदेशक, दूरसंचार श्री राम गोपाल गुप्त इत्यादि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। श्री कृष्ण जन्म के उपरान्त समस्त जनसमुदाय को प्रसाद वितरण तथा कलाकारों/प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।













## पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र एवं पारेषण गृह का लोकार्पण

दिनांक 18.09.2018 : पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री प्रमोद कुमार तिवारी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के प्रशिक्षण केन्द्र में नवीन उपकरणों एवं फर्नीचर से सुसज्जित वातानुकूलित मॉडल व्याख्यान कक्षों, मॉडल प्रयोगशालाओं, मॉडल नियंत्रण कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष का लोकार्पण किया। श्री तिवारी द्वारा पारेषण गृह के जीर्णोद्धार उपरान्त वातानुकूलित पारेषक कक्ष एवं परिसर का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर रेडियो मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं काफी संख्या में अराजपत्रित कार्मिक उपस्थित रहे।







## उपलब्धियाँ

अतिविशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों के निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| क्र0 | दिनांक | जनपद |
|---|---|---|
| माननीय राष्ट्रपति, भारत गणराज्य | | |
| 1 | 30.09.2018 | आगरा |
| माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार | | |
| 1 | 17–18.09.2018 | वाराणसी |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | | |
| 1 | 04.09.2018 | बरेली |
| 2 | 31.08.2018 | मथुरा |
| माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 | | |
| 1 | 08.09.2018 | आगरा |
| 2 | 06.09.2018 | गोरखपुर |
| 3 | 31.08.2018 | मथुरा |

## सराहनीय कार्य

1. दिनांक 12.09.2018 से 21.09.2018 तक सम्पन्न मोहर्रम के दौरान जनपदों में निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था एवं सी.सी.टी.वी. सर्विलॉन्स व्यवस्था स्थापित की गयी।

2. दिनांक 16/17.09.2018 को थाना बरसाना जनपद मथुरा अन्तर्गत श्री राधाष्टमी पर्व हेतु निर्विघ्न पुलिस संचार एवं सीसीटीवी सर्विलॉन्स व्यवस्था स्थापित की गयी।

3. दिनांक 05.09.2018 को प्रातः लगभग 08:00 बजे सीसीआर, मुरादाबाद पर सूचना प्राप्त हुई कि आयशर कैण्टर नं0 यूपी16 सीटी 5495, जो नोयडा से चोरी हुआ है, में लगे जीपीएस से लोकेशन जरपुर, मुरादाबाद रोड थाना मैनाठेर प्राप्त हो रही है। यह सूचना सीसीआर में नियुक्त प्र0परि0(याँ0) 1066 श्री तेजपाल सिंह द्वारा डीसीआर, के ड्यूटी पर प्र0परि0 761 श्री चन्द्रभान सिंह को तत्काल दी गयी। श्री चन्द्रभान ने तुरन्त सीक्यू करके सर्वसम्बन्धित व थाना प्रभारी मैनाठेर को बताया। थाना प्रभारी मैनाठेर के पीछा करने पर चोर कैण्टर को अपनी हवेली थाना मूढ़ा पाण्डे क्षेत्र में छोड़कर भाग गये। श्री लक्ष्मण सिंह, अपर राज्य रेडियो अधिकारी ने सीसीआर में मौजूद रहकर उक्त कार्यवाही का नेतृत्व किया।

4. दिनांक 03.09.2018 को जनपद मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के आयोजन हेतु निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

## पदोन्नति

चयन वर्ष 2018–19 में अराजपत्रित पदों पर निम्न पदोन्नतियाँ की गई हैं–

रेडियो निरीक्षक–08, रेडियो उपनिरीक्षक–207, प्रधान परिचालक–226 एवं सहायक परिचालक–49

## कल्याणकारी कार्य

1. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्रांक–डीजी–आंकिक/मिस–2018–19 दिनांक 20.08.2018 द्वारा केरल बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ एक दिन का वेतन दान करने के आव्हान पर पुलिस रेडियो मुख्यालय से रु0 2,12,279.00 की धनराशि प्रेषित की गयी।

2. पुलिस रेडियो मुख्यालय के कार्मिकों एवं उनके परिवारों के लिए दिनांक 06.09.2018 को मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली के चिकित्सकों के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया जिसमें 143 कार्मिक लाभान्वित हुये। कैम्प में ई0सी0जी0, ब्लड प्रैशर, रैण्डम ब्लड शुगर आदि की निःशुल्क माप की गयी।





3. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में सितम्बर 2018 में 432 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## रेडियो मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप

1. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के आदेश संख्याः एटी–मिस/2018 (बायोमेट्रिक) दिनांक 26.09.2018 द्वारा पुलिस रेडियो मुख्यालय पर नियुक्त समस्त अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों का एनआईसी के माध्यम से आधार कार्ड आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेन्स सिस्टम लगाये जाने के निर्णय के क्रम में दिनांक 01.10.2018 से 31.10.2018 तक ट्रायल के उपरान्त दिनांक 01.10.2018 से बायोमेट्रिक अटेण्डेन्स व्यवस्था नियमित तौर पर लागू की जायेगी।

2. उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के पत्रांकः संकेत–पु0रे0मेल/2018 दिनांक 25.09.2018 द्वारा पुलिस रेडियो मेल हेतु जनपदों के आई0पी0 नम्बर निर्धारित करते हुए ज़ोनवार आई0डी0 पर रेडियो मुख्यालय को दिनांक 27.09.2018 से सन्देश प्रेषित करने के निर्देश दिये गये हैं।

3. ज्ञाप संख्याः एसआरओ(प्रशा0)–34/2018 दिनांक 12.09.2018 द्वारा निर्देशित किया गया है कि कार्मिक भर्ती के समय अंकित कराये गये मूल निवास के जनपद विभाजन के बाद नया जनपद बनने के परिणामस्वरुप मूल निवास अन्य जनपद में चले जाने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र के साथ सेवा अभिलेखों में नया संशोधित पता अंकित कराने हेतु आवेदन दें अन्यथा तथ्य छुपाने के सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

4. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के आदेश पत्रांकः एम–676/18 दिनांक 04.09.2018 द्वारा निकट भविष्य में "पुलिस रेडियो मेल" के प्रारम्भ होने के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर परिक्षेत्रवार एच0एफ0 संचार के स्थान पर दिनांक 05.09.2018 से ज़ोनवार संचार व्यवस्था लागू की गयी है।

## पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के भ्रमण कार्यक्रम

1. दिनांक 16.09.2018 को गाज़ियाबाद की संचार इकाईयों का भ्रमण व संचार व्यवस्था में सुधार हेतु निर्देश दिये गये।

2. दिनांक 17.09.2018 को डी0सी0पी0डब्ल्यू0, नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश पुलिस संचार नेटवर्क के स्पेक्ट्रम चार्जेज़ के विलम्ब शुल्क की धनराशि को अवमुक्त करने एवं प्रदेश पुलिस के ऑनलाईन किये गये डिज़ीटल वी0एच0एफ0 केन्द्रों के लाइसेन्स निर्गमन के सम्बन्ध में डी0सी0पी0डब्ल्यू0, नई दिल्ली के अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया गया।

## विश्वकर्मा पूजा-2018







दिनांक 17.09.2018 को पुलिस रेडियो मुख्यालय की कर्मशाला में प्रतिवर्ष की भाँति ''विश्वकर्मा पूजा'' परम्परागत सादगी एवं उत्साह से सम्पन्न करायी गयी। इस अवसर पर रेडियो मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं काफी संख्या में कार्मिक उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति

उ0प्र0 पुलिस रेडियो से सितम्बर–2018 में निम्न 15 कार्मिक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री चन्द्र सिंह कन्याल, रेडियो मुख्यालय, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ऐलेक्जेण्डर, रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री परदेशी खटिक, गोरखपुर 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मोहम्मद मुईनुद्दीन, इलाहाबाद, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वीर बहादुर सिंह, अलीगढ़, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम चन्द्र दीक्षित, रेडियो मुख्यालय, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रतन सिंह, कन्नौज, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सतवीर सिंह, गाज़ियाबाद, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शमशाद अली, मेरठ, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रेवती रमन शाण्डिल्य, झाँसी 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सूर्य कुमार त्रिवेदी, रेडियो मुख्यालय, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री उदय राज, हरदोई, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जयमन्त सिंह, अलीगढ़, 14. प्र0परि0यॉ0 / 2605, मानिक राम, फैजाबाद 15. स0परि0 / 1107, महिपाल सिंह, अलीगढ़।

## Infracture for training developed at UP Police Telecom Training Centre, Lucknow



Airconditioned Computer Room for 24 trainees



Airconditioned HF/VHF Laboratory for 24 trainees



Airconditioned Computer Hardware and Networking Laboratory for 24 trainees



Airconditioned Model Class Room for 24 trainees



Airconditioned Model Control Room



Morse sending facility for 08 trainees

## Infracture developed at UP Police Telecom Transmitter Room, Lucknow







सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण– श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक एवं श्री अख्तर अली, रेडियो उप निरीक्षक। डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW

प्रतियाँ – 300